# मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को लेकर भाजपा की तैयारी

नवभारत न्यूज

**भिंड 20 जुलाई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का आगामी 25 जुलाई को लाइव प्रसारण के माध्यम से आयोजन किया जाएगा, जिसे लेकर भाजपा जिला संगठन पूरी तरह से सक्रिय और संगठित नजर आ रहा है। इसी कड़ी में भाजपा जिला कार्यालय पीडब्ल्यूडी कॉलोनी पर जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में तय किया गया कि जिले के सभी 29 मंडलों के 1480 बूथों पर बड़ी स्क्रीन लगाकर सर्व समाज के लोगों को कार्यक्रम से जोड़ा जाएगा, ताकि प्रधानमंत्री मोदी के प्रेरणादायक विचार जन-जन तक पहुंच सकें। जिला अध्यक्ष नरवरिया ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का 'मन की बात' न केवल विचारों की श्रृंखला है, बल्कि यह युवाओं, किसानों, गरीबों, महिलाओं, श्रमिकों और विद्यार्थियों के लिए एक दिशा-निर्देशक संदेश है, जिसने समाज में नई चेतना और आत्मनिर्भरता का भाव जाग्रत किया है।




**कार्यकर्ताओं को मिले निर्देश :** श्री नरवरिया ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अपने-अपने बूथों पर अधिक से अधिक लोगों को एकत्र करें और 25 जुलाई को सुबह 11ः00 बजे सभी स्थानों पर कार्यक्रम का प्रभावी रूप से संचालन करें। उन्होंने यह भी कहा कि कार्यक्रम की तस्वीरें एवं रिपोर्ट को च्मोदी एपज्ञ पर अपलोड करना सुनिश्चित किया जाए। कार्यक्रम में जिला व मंडल स्तर के मन की बात प्रभारी, मंडल अध्यक्ष, सोशल मीडिया संयोजक सहित सभी को महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के निर्देश दिए गए। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष अनिल कटारे, शिवराज सिंह यादव लाल, जिला महामंत्री मनोज अनंत, जिला मंत्रीगण राधाकृष्ण शर्मा, डॉ. तरुण शर्मा, बजरंग सिंह भदौरिया, मंडल अध्यक्ष भिंड ग्रामीण दीपेश सिंह तोमर, महिला मोर्चा अध्यक्ष आभा जैन, भाजयुमो जिला महामंत्री अतिराज सिंह नरवरिया, सह कार्यालय प्रभारी रोहित शाक्य, सोशल मीडिया संयोजक मोनू नरवरिया, सह संयोजक शेखर खटीक, अमन शर्मा, महामंत्री राजीव उपाध्याय, श्याम किशोर दीक्षित, संगठन कार्यकर्ता अतुल भदौरिया, सत्यम सोनी, रामकुमार पुरोहित, रिंकू काकर आदि उपस्थित रहे।

# वित्तीय वर्ष में लगभग 48,839 मैट्रिक टन मछली उत्पादन का लक्ष्य

नवभारत न्यूज

**श्योपुर 20 जुलाई।** ग्वालियर-चंबल संभाग में मौजूदा वित्तीय वर्ष के दौरान लगभग 48 हजार 839 मैट्रिक टन मत्स्योत्पादन (मछली उत्पादन) का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें ग्वालियर संभाग के लिये लगभग 38 हजार 260 मैट्रिक टन व चंबल संभाग के लिये लगभग 10 हजार 579 मैट्रिक टन मत्स्योत्पादन शामिल है। पिछले वित्तीय वर्ष में दोनों संभागों में कुल मिलाकर दोनों संभागों में लगभग 41 हजार 740 मैट्रिक टन मछली उत्पादन हुआ था।

## दोनों संभागों में हर साल बढ़ रहा है मत्स्योत्पादन

संभागीय संयुक्त संचालक मत्स्य पालन से प्राप्त जानकारी के अनुसार मौजूदा वित्तीय वर्ष (वर्ष 2025-26) में ग्वालियर संभाग के ग्वालियर जिले के लिये 3 हजार 391 मैट्रिक टन से अधिक, दतिया के लिये 2 हजार 876 मैट्रिक टन, शिवपुरी के लिये 16 हजार 335 मैट्रिक टन, गुना के लिये 8 हजार 303 मैट्रिक टन एवं अशोकनगर जिले के लिये 7 हजार 354 मैट्रिक टन से अधिक मत्स्योत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।



चंबल संभाग के मुरैना जिले के लिये 4 हजार 292 मैट्रिक टन से अधिक, श्योपुर के लिये लगभग 3 हजार 508 मैट्रिक टन एवं भिण्ड जिले के लिये लगभग 7 हजार 779 मैट्रिक टन मछली उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। मत्स्योत्पादन में ग्वालियर-चंबल संभाग में लगातार इजाफा हो रहा है। वर्ष 2021-22 में निर्धारित लक्ष्य से लगभग 18 प्रतिशत, वर्ष 2022-23 में लगभग 17 प्रतिशत, वर्ष 2023-24 में लगभग 12 प्रतिशत और पिछले वित्तीय वर्ष यानि वर्ष 2024-25 में लक्ष्य से लगभग 18 प्रतिशत अधिक मछली का उत्पादन हुआ था।

# एसडीएम व तहसीलदार ने साहू क्लिनिक को किया सील

नवभारत न्यूज

**भांडेर 20 जुलाई।** नगर में संचालित साहू क्लिनिक पर स्वास्थ्य नियमों के उल्लंघन और अवैध रूप से चिकित्सा गतिविधियां संचालित करने की शिकायतों के बाद प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए कार्रवाई की है। शुक्रवार को भांडेर एसडीएम सोनाली राजपूत एवं तहसीलदार की मौजूदगी में उक्त क्लिनिक को सील कर दिया गया।

वहीं, स्वास्थ्य विभाग की जांच टीम ने मौके पर पहुंचकर क्लिनिक से जरूरी दस्तावेजों और दवाओं के सैंपल एकत्र किए। इस कार्रवाई को लेकर क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति बनी रही। प्रशासन को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि साहू क्लिनिक में बिना योग्य चिकित्सक और आवश्यक अनुमति के मरीजों का इलाज किया जा रहा है, जो गंभीर स्वास्थ्य जोखिम पैदा कर सकता है। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम व तहसीलदार की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को क्लिनिक पर छापा मारा और अनियमितताएं पाए जाने पर उसे सील कर दिया।



शनिवार को तहसीलदार सुनील भदौरिया, बीएमओ राजेन्द्र सिंह परिहार, ड्रग इंस्पेक्टर उमेश चंद्रानी, दिनेश यादव आर.आई. सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। टीम ने क्लिनिक में रखी गई दवाओं की वैधता, उनकी गुणवत्ता और स्टोरेज पद्धति की जांच की। साथ ही, पंजीयन से जुड़े दस्तावेज, मरीजों की पर्चियां, भर्ती से संबंधित रिकॉर्ड एवं अन्य जरूरी कागजातों की भी जांच की गई। मौके से कुछ दवाओं के सैंपल लैब जांच के लिए भेजे गए हैं, जिनकी रिपोर्ट आने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम सोनाली राजपूत ने मीडिया से चर्चा करते हुए बताया कि स्वास्थ्य जैसे संवेदनशील क्षेत्र में लापरवाही बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस बीच, प्रशासन की इस कार्रवाई का आमजन ने स्वागत किया है। लोगों का कहना है कि इस प्रकार की क्लीनिकें जनता की सेहत से खिलवाड़ कर रही थीं। यदि समय रहते प्रशासन सख्त कदम नहीं उठाता, तो गंभीर परिणाम हो सकते थे। अब सभी की निगाहें जांच रिपोर्ट पर टिकी हैं, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई तय होगी। प्रशासन ने ऐसे अवैध संस्थानों पर निगरानी और भी कड़ी करने के संकेत दिए हैं।

# लहार में सामाजिक सरोकारों पर हुई सार्थक बैठक

नवभारत न्यूज

**भिंड 20 जुलाई।** लहार नगर में सामाजिक चेतना और सरोकारों को लेकर एक महत्वपूर्ण सामाजिक बैठक का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य समाज में व्याप्त विभिन्न समस्याओं पर चर्चा कर योजना निर्माण एवं सामूहिक क्रियान्वयन की दिशा में ठोस पहल करना था।

## युवाओं और महिलाओं की भागीदारी पर दिया गया जोर

कार्यक्रम के मुख्य संयोजक सौरभ सिंह राजावत ने अपने विचार रखते हुए कहा कि हम सभी एक समावेशी समाज के हिस्से हैं, जहां जाति, धर्म, भाषा, संस्कृति की विविधता के बावजूद हम आपस में जुड़े हैं। लेकिन इसी समाज में गरीबी, बाल श्रम, अशिक्षा, लिंग भेद, बेरोजगारी, पर्यावरण प्रदूषण और डिजिटल असमानता जैसी गंभीर समस्याएं भी मौजूद हैं। इनका समाधान केवल सरकार से अपेक्षा करने से नहीं होगा, बल्कि इसके लिए हमें सामूहिक जागरूकता और व्यवहारिक योजनाएं बनानी होंगी। उन्होंने यह भी कहा कि बिना योजना के कोई भी सामाजिक सुधार लंबे समय तक टिक नहीं सकता। उन्होंने विशेष रूप से बाल श्रम उन्मूलन के लिए बहुआयामी रणनीति की बात की, जिसमें बच्चों की शिक्षा के साथ-साथ उनके परिवार की आर्थिक स्थिति सुधारना भी जरूरी बताया।




**महिलाओं की भागीदारी और युवाओं की जिम्मेदारी पर जोर :** कार्यक्रम का संचालन कर रहीं शिक्षिका माधवी राजावत ने समाज में महिलाओं की भूमिका को लेकर प्रेरणादायी बातें साझा करते हुए कहा कि महिलाओं की सामाजिक भागीदारी समाज को सही दिशा में ले जा सकती है। हमें कम से कम अपने स्तर पर पहल करके महिलाओं को सामाजिक बदलाव की धारा में लाना चाहिए। डॉ. शैलेन्द्र सिंह राठौर (लहार सिविल अस्पताल) ने युवाओं और महिलाओं की सकारात्मक भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज के हर वर्ग को एकजुट होकर जागरूकता और सहभागिता से बदलाव की ओर कदम बढ़ाने चाहिए।

**बैठक में खुलकर रखे गए विचार:** बैठक के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने अपने-अपने विचार, अनुभव और सुझाव खुले मंच पर साझा किए। सभी ने इस बात पर सहमति जताई कि योजनाबद्ध रूप से काम करने से ही समाज में सतत एवं सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुशांत सिंह राजावत, अंगद सिंह, धीरेन्द्र सिंह राजावत, राजवीर, जीतू बघेल, वीरू, भूपेन्द्र सिंह, संजय आर्य, धनीदार शाक्य, जीतू कुशवाह, आर्यन राजावत, शिवेन्द्र सिंह परिहार आदि जागरूक एवं सामाजिक रूप से सक्रिय लोग उपस्थित रहे।

# पचैरा गांव में फुसकान खेरा हनुमान मंदिर पर श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन

नवभारत न्यूज

**मेहगांव 20 जुलाई।** मेहगांव विधानसभा अंतर्गत ग्राम पचैरा स्थित प्राचीन फुसकान खेरा हनुमान मंदिर पर इन दिनों संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा का दिव्य आयोजन चल रहा है, जो श्रद्धालुजनों के लिए आध्यात्मिक अमृत वर्षा से कम नहीं।

कथा के पंचम दिवस पर व्यासपीठ पर विराजमान पूज्य भागवताचार्य ऋषि भारद्वाज जी ने भक्तों को भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, ताड़का वध, और गोवर्धन पूजा का भावपूर्ण वर्णन सुनाया। संगीतमय भजनों की स्वर लहरियों के साथ उपस्थित श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर नजर आए।




**संतों का सत्संग एवं सत्कार्य में जन सहभागिता:** कथा आयोजन श्रीश्री 1008 कलियान दास महाराज के सानिध्य में संपन्न हो रहा है, जिनके नेतृत्व में मंदिर परिसर में साधु-संतों का विशाल सत्संग मेला भी जारी है। यह आयोजन न केवल आध्यात्मिक उन्नति का माध्यम बना है, बल्कि पूरे क्षेत्र में धार्मिक जागरूकता और सामाजिक समरसता का भी संदेश प्रसारित कर रहा है।

**समापन कार्यक्रम की विशेष जानकारी:** कथा का समापन कल सुदामा चरित्र के साथ किया जाएगा, जबकि परसों विधिवत हवन, पूजन एवं भंडारे के आयोजन के साथ श्रीमद् भागवत कथा का पूर्ण समापन होगा। आयोजकों ने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से इस पुण्य अवसर पर उपस्थित होकर भागवत रस का लाभ उठाने की अपील की है।

## खेत की मेढ़ पर घास लगाने की बात पर की मारपीट

**श्योपुर।** बडौदा थाना बिलेंडी गांव में खेत की मेढ़ पर घास लगाने की बात को लेकर झगडा हो गया। इस झगड़े में तीन लोगों ने मिलकर फरियादी की मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बिलेंडी निवासी राधेश्याम प्रजापति व सुग्रीव प्रजापति के खेत पास-पास हैं। 18 जुलाई की सुबह 9 बजे खेत की मेढ पर घास लगाने की बात को लेकर इनके बीच झगडा हो गया। झगडा इतना बढ गया कि सुग्रीव प्रजापति, बबलू प्रजापति, रविंद्र प्रजापति ने मिलकर गाली-गलौज करते हुए फरियादी की मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने राधेश्याम पुत्र श्रीकृष्णा प्रजापति की शिकायत पर आरोपितों के खिलाफ मारपीट की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## आंख में उत्पन्न होने वाले रोगों में मोतियाबिंद एक सर्वव्यापी रोग है : त्रिवेदी

नवभारत न्यूज

**दतिया 20 जुलाई।** भारत की सामाजिक पृष्ठभूमि में मनुष्य की आंख में उत्पन्न होने वाले रोगों में मोतियाबिंद एक सर्वव्यापी रोग है इसके निवारण हेतु भारत सरकार प्रदेश सरकार एवं विभिन्न संगठन प्रयासरत है। इसी कड़ी में सेवार्थ जन कल्याण समिति आज आपके शहर दतिया से 10 किलोमीटर भौगोलिक दूरी पर स्थित जिगना में एक नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन केशव त्रिवेदी, ने किया। जिसमें 25 चयनित मरीजों को बस द्वारा ग्वालियर स्थित प्रख्यात रतन ज्योति नेत्रालय ले जाकर ,शल्य चिकित्सा, लैंस प्रत्यारोपण भोजन, आवास, आवागमन, इत्यादि की सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी।

कार्यक्रम में 150 मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया। इस अवसर पर ऐसा लगता है कि व्यक्ति के लिए स्वास्थ्य प्राथमिक नहीं है। पांच मरीज विभिन्न कारणों से लौट गए इस अवसर पर सेवार्थ जन कल्याण समिति के अध्यक्ष ओ पी दीक्षित, मनोज पांडे, मोहनलाल अहिरवार राकेश श्रीवास्तव, सरपंच प्रतिनिधि परमार जी वरिष्ठ पत्रकार अरुण मिश्रा भारत यादव तथा बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## भाजपा मंडल अध्यक्ष उनाव ने कार्यकारिणी की घोषणा की

**भांडेर 20 जुलाई।** भांडेर विधानसभा क्षेत्र उनाव के मंडल अध्यक्ष दिनेश शर्मा घरावा ने रविवार को पार्टी की नई कार्यकारिणी की घोषणा की। मंडल कार्यालय में आयोजित बैठक के दौरान यह घोषणा की गई, जिसमें वरिष्ठ कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। मंडल अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है, जिसमें युवाओं, महिलाओं तथा अनुभवी कार्यकर्ताओं को उचित स्थान दिया गया है। घोषित कार्यकारिणी में जिसमें राजीव पटेल उनाव, नरेंद्र कुशवाहा तगा, निकिता जीतू शर्मा उनाव, विकास शर्मा पिपरौआ, डोली यादव सरसई, गोविन्द दांगी देवरा को उपाध्यक्ष, आशा करन पटवा परासरी को महामंत्री, पंकज भार्गव मुरिया, जयपाल सिंह गुर्जर पठरा, बहादुर राजपूत मुस्तरा, मंजेश जितेन्द्र पाल ललउआ, अंगूरी ज्वाला निरंजन विजनपुरा को मंत्री, रामजीवन नायक परासरी को कोषाध्यक्ष, हेमन्त यादव हुकुमपुर मीडिया प्रभारी, बब्बू यादव कुसौली सह मीडिया प्रभारी, तथा प्रशांत सेन कार्यालय प्रभारी को दायित्व सौंपे गए हैं। मंडल अध्यक्ष ने सभी नियुक्त कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए उनसे पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने एवं संगठन को मजबूत बनाने के लिए निष्ठा से कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की पार्टी है और हर कार्यकर्ता को संगठन में भागीदारी का अवसर मिलता है।

# परिजनों की मामूली डांट के बाद युवक ने नदी में लगाई छलांग, 32 घंटे बाद मिला शव

नवभारत न्यूज

**भिंड 20 जुलाई।** फूप थाना क्षेत्र से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा 20 वर्षीय युवक आशुतोष सिंह मामूली पारिवारिक डांट से आहत होकर क्वारी नदी में कूद गया। शनिवार को गायब हुए युवक का शव 32 घंटे की तलाश के बाद रविवार शाम 6 बजे नदी से बरामद किया गया।

**पुल पर बैग और जूते छोड़ नदी में कूदा :** प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शनिवार सुबह करीब 9ः00 बजे एक युवक ई-रिक्शा से फूप कस्बे की ओर से आया और एनएच-719 पर स्थित क्वारी पुल पर उतर गया।

उसने अपना बैग और जूते पुल पर रखे और देखते ही देखते नदी में छलांग लगा दी। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद एसडीईआरएफ (राज्य आपदा आपातकालीन मोचक बल) की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया।

**32 घंटे चला रेस्क्यू ऑपरेशन :** शनिवार सुबह से शुरू हुए खोज अभियान में एसडीईआरएफ की 8 सदस्यीय टीम लगातार जुटी रही। रविवार को भी सघन खोज अभियान जारी रहा। आखिरकार रविवार शाम 6 बजे पुल से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर नदी में युवक का शव मिला, जिसे पुलिस ने बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया।

**परिजन बोले - डांटने से नाराज था:** मृतक की पहचान आशुतोष सिंह (20), निवासी भवनपुरा थाना फूप के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि वह प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था और पढ़ाई को लेकर घर में थोड़ी डांट-फटकार हुई थी। परिजनों ने बताया कि शुक्रवार को हमने उसे पढ़ाई को लेकर थोड़ा समझाया था। शायद वह बात उसे बुरी लग गई। शनिवार को वह कोचिंग जाने का कहकर घर से निकला था, लेकिन सीधे नदी की ओर चला गया।



**होनहार युवक की असमय मृत्यु से गांव में शोक :** आशुतोष की असमय मृत्यु से पूरे गांव में शोक की लहर है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। क्षेत्रीय नागरिकों व रिश्तेदारों की भीड़ देर रात तक जिला अस्पताल में जुटी रही। इस दुखद घटना ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया है कि युवाओं की मानसिक स्थिति और पारिवारिक संवाद कितना महत्वपूर्ण है। समाज को चाहिए कि संवेदनशीलता के साथ एक-दूसरे की भावनाओं को समझें, विशेषकर किशोरों और युवाओं के साथ।

# 'नशे से दूरी है जरूरी' अभियान को लेकर एमजेएस कॉलेज ग्राउंड में मानव श्रृंखला का आयोजन

नवभारत न्यूज

**भिंड 20 जुलाई।** जिले में नशा मुक्ति को लेकर जन-जागरूकता अभियान 'नशे से दूरी है जरूरी' के अंतर्गत रविवार को एसपी डॉ. असित यादव के निर्देशन में कई प्रभावी गतिविधियों का आयोजन किया गया। अभियान का उद्देश्य युवाओं एवं आम नागरिकों में नशे के प्रति जागरूकता फैलाना और उन्हें नशा मुक्ति की दिशा में प्रेरित करना है।

**एमजेएस कॉलेज ग्राउंड में मानव श्रृंखला का आयोजन :** सरकारी एमजेएस कॉलेज परिसर में युवा छात्र-छात्राओं द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर एकजुटता का परिचय देते हुए नशे के विरुद्ध संदेश दिया गया। इस दौरान सूबेदार आदित्य मिश्रा ने उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा न केवल स्वास्थ्य के लिए घातक है, बल्कि सामाजिक, मानसिक और आर्थिक पतन का सबसे बड़ा कारण बनता जा रहा है। युवा वर्ग को इसका प्रतिकार बनना चाहिए। उन्होंने नशे से होने वाले दुष्प्रभावों की विस्तृत जानकारी दी और विद्यार्थियों को नशा न करने की सामूहिक शपथ दिलाई।

## लहार चुंगी पर वाहन चालकों को दी गई नशा मुक्ति की शपथ



**लहार चुंगी पर वाहनों पर लगाए गए पोस्टर, दी गई समझाइश:** इसी अभियान की कड़ी में भिंड शहर के मुख्य लहार चौराहा पर जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें ऑटो, ई-रिक्शा, टैक्सियों एवं अन्य सार्वजनिक वाहनों पर नशा मुक्ति से संबंधित पोस्टर चस्पा किए गए। साथ ही वाहन चालकों एवं आम राहगीरों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करते हुए उनसे नशा न करने की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों ने कहा कि दुर्घटनाओं और अपराधों की बढ़ती घटनाओं के पीछे नशा एक प्रमुख कारण बन चुका है, और इससे निजात पाने के लिए समाज के हर वर्ग को साथ आना होगा। पुलिस बल की सराहनीय सहभागिता रही।

## 1.76 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज

**श्योपुर।** श्योपुर जिले में 20 जुलाई को 1.76 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 20 जुलाई को बडौदा, विजयपुर एवं वीरपुर में बारिश नही हुई, जबकि श्योपुर में 4 .4, कराहल में 4 .4 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है। इस वर्ष 01 जून से अभी तक जिले में कुल 770 .58 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष इस अवधि तक 353 .1 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की औसत की वर्षा 822 मिली मीटर है।